**प्रेस नोट संख्या 23**

**दिनांक 16.05.2025**

**सराहनीय कार्य थाना मोहनगंज व स्वाट/सर्विलांस टीम जनपद अमेठी**

**पुलिस मुठभेड़ में डकैती की योजना बना रहे 02 हिस्ट्रीशीटर सहित कुल 07 अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधी गिरफ्तार, कब्जे से 01 पिस्टल, 02 अदद जिन्दा व 02 अदद खोखा कारतूस .32 बोर, 01 तमंचा, 02 अदद जिन्दा, 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 20,000/- रुपये नगद, चोरी/डकैती करने के विभिन्न उपकरण व 02 अदद मोटरसाइकिल बरामद।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 16.05.2025 को क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री अजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में श्री राकेश सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज मय हमराही व उ0नि0 श्री अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम मय हमराही देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन क्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रस्तामऊ से फूला मार्ग पर स्थित एक आम के बाग में कुछ व्यक्ति एकत्रित हुए हैं जोकि कहीं डकैती डालने की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी करने के दौरान ही आहट पाकर योजना बना रहे व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर करने पर 02 अभियुक्तों के पैर में गोली लग जाने से घायल हो गये तथा अन्य 05 अभियुक्तों को पुलिस टीम द्वारा घेरकर मौके से पकड़ लिया गया। घायल अभियुक्तों से नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम **सुनील कुमार दीक्षित पुत्र रामनेवाज दीक्षित निवासी गडेहरी थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष बताया जिसके कब्जे से 01 पिस्टल, 02 जिन्दा .32 बोर व 5,000/- रुपये** नगद बरामद हुये व दूसरे ने अपना नाम **अल्ताफ उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र मो0 सरवर निवासी भेलाई खुर्द थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष बताया जिसके कब्जे से 01 तमंचा, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 4,500/- रुपये** बरामद हुये व घटनास्थल से 02 खोखा कारतूस .32 बोर व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। मौके से गिरफ्तार अन्य 05 अभियुक्तों से नाम पता पूछने पर **एक ने अपना नाम अनुज सिंह** उर्फ शनि पुत्र वंशबहादुर सिंह निवासी रामपुर कोची थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष बताया जिसके कब्जे से 3,500/- रुपये, **दूसरे ने अपना नाम आशीष कुमार** पुत्र शत्रोहन लाल निवासी पूरे जोरई मजरे पिपरी अहमदाबाद थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष बताया जिसके कब्जे से 7,000/- रुपये नगद, **तीसरे ने अपना नाम मकसूद** पुत्र अनवर निवासी पूले लाल खां मजरे जमुरवा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष, **चौथे ने अपना नाम अजय कुमार** कश्यप पुत्र अयोध्यालाल निवासी कैथा गांव थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष तथा **पांचवे ने अपना नाम अमन सिंह** पुत्र सूरजभान सिंह निवासी सरेसर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष बताया। मौके से गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा डकैती की योजना बनाने वाले स्थान से 04 अदद टार्च, हथौड़ा, पिलास, तारकटर, सुम्मी, 01 अदद रस्सी, 02 मोटरसाइकिल क्रमश: अपाचे व सीडी डीलक्स बरामद हुआ।

बरामद रुपयों, सामान व मोटरसाइकिलों के संबन्ध में पूछने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हमसभी लोग संगठित होकर योजनाबद्ध तरीके से डकैती डालने की तैयारी कर रहे थे। उसी के लिए असलहा, कारतूस, मोटरसाइकिलें व अन्य सामान इकट्ठा किये थे। बरामद रुपयों के बारे में अभियुक्त सुनील कुमार दीक्षित ने बताया कि दिनांक 12.05.2025 की रात्रि करीब 10.00 बजे मैं अपने साथी अल्ताफ उर्फ धर्मेन्द्र, अनुज सिंह व आशीष कुमार के साथ मिलकर इन्ही दोनों मोटरसाइकिलों से जाकर थानाक्षेत्र जामो में जनापुर के ठेका देशी शराब की दुकान में यही असलहा दिखाकर सेल्समैन को मारपीट कर 40,000/- रुपये लेकर भाग गये थे, जिसे हम चारों लोगों ने आपस में बांट लिया था, बरामद रुपये उसी घटना के हैं। अपाचे मोटरसाइकिल सं0 यू0पी0 44 एएम 4135 के कागज मांगने पर दिखा न सके तथा एचएफ डीलक्स बिना नंबर के कागज मांगने पर बताया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है जिसे हमलोगों ने दिनांक 11/12.05.2025 की रात्रि में 01 बारात से चोरी की थी। घायल अभियुक्त सुनील कुमार दीक्षित व अभियुक्त अल्ताफ उर्फ धर्मेन्द्र को एम्बुलेंस के माध्यम उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मोहनगंज पर अन्तर्गत धारा 310(4), 310(5), 109, 317(2), 111, 3(5) बी0एन0एस0 व 3/5/25/27 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त सुनील कुमार दीक्षित व अल्ताफ उर्फ धर्मेन्द्र, थाना मोहनगंज के हिस्ट्रीशीटर शातिर अन्तर्जनपदीय अपराधी हैं। अभियुक्त सुनील कुमार दीक्षित के विरुद्ध जनपद अमेठी व बाराबंकी में हत्या, डकैती, लूट, हत्या के प्रयास व गैंगस्टर आदि विभिन्न धाराओं में कुल 22 अभियोग व अभियुक्त धर्मेन्द्र उर्फ अल्ताफ के विरुद्ध जनपद अमेठी, रायबरेली व प्रतापगढ़ में लूट, हत्या के प्रयास, चोरी व गैंगस्टर आदि विभिन्न धाराओं में कुल 17 अभियोग पंजीकृत हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–**

1. सुनील कुमार दीक्षित पुत्र रामनेवाज दीक्षित निवासी गडेहरी थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष।
2. अल्ताफ उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र मो0 सरवर निवासी भेलाई खुर्द थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष।
3. अनुज सिंह उर्फ शनि पुत्र वंशबहादुर सिंह निवासी रामपुर कोची थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष।
4. आशीष कुमार पुत्र शत्रोहन लाल निवासी पूरे जोरई मजरे पिपरी अहमदाबाद थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष।
5. मकसूद पुत्र अनवर निवासी पूले लाल खां मजरे जमुरवा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष।
6. अजय कुमार कश्यप पुत्र अयोध्यालाल निवासी कैथा गांव थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष।
7. अमन सिंह पुत्र सूरजभान सिंह निवासी सरेसर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष।

**बरामदगी-**

1. 01 पिस्टल, 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस .32 बोर।
2. 01 तमंचा, 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
3. अपाचे मोटरसाइकिल सं0 यू0पी0 44 एएम 4135।
4. सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट।
5. 04 अदद टार्च, हथौड़ा, पिलास, तारकटर, सुम्मी, 01 अदद रस्सी।

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-**

- मु0अ0सं0 131/25 धारा धारा 310(4), 310(5), 109, 317(2), 111, 3(5) बी0एन0एस0 व 3/5/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

**थाना मोहनगंज-**

1. श्री राकेश सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 जीतेन्द्र कुमार आर्यन थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
4. हे0का0 अनिल सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
5. हे0का0 रूपेश मौर्या थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
6. का0 रिनीत थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
7. का0 मनीष पाण्डेय थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
8. का0 सुरेन्द्र पाल थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
9. का0 रोहित सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

**स्वाट/सर्विलांस टीम-**

1. उ0नि0 श्री अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम जनपद अमेठी।
2. हे0का0 आलोक सिंह स्वाट टीम जनपद अमेठी।
3. हे0का0 पवनेश सर्विलांस टीम जनपद अमेठी।
4. का0 मनीष सर्विलांस टीम जनपद अमेठी।
5. का0 सिकन्दर स्वाट टीम जनपद अमेठी।
6. का0 शिवराम स्वाट टीम जनपद अमेठी।
7. का0 बृजेश सिंह सर्विलांस टीम जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास-**

**अभियुक्त सुनील कुमार दीक्षित- (HS नंबर – 78A)**

1. मु0अ0सं0 124/12 धारा 307 भादवि थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 397/12 धारा 394, 302, 411, 120बी भादवि थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0 399/12 धारा 147, 148, 149, 307 भादवि थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
4. मु0अ0सं0 422/12 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
5. मु0अ0सं0 188/12 धारा 307, 302 भादवि थाना जामो जनपद अमेठी।
6. मु0अ0सं0 607/12 धारा 2/3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
7. मु0अ0सं0 99/14 धारा 392, 411, 120बी भादवि थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी।
8. मु0अ0सं0 निल/14 धारा 41, 411 भादवि थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी।
9. मु0अ0सं0 934/14 धारा 394, 411 भादवि थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
10. मु0अ0सं0 936/14 धारा 307 भादवि थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
11. मु0अ0सं0 937/14 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
12. मु0अ0सं0 67/15 धारा 2/3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
13. मु0अ0सं0 648/16 धारा 394, 411 भादवि थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
14. मु0अ0सं0 727/16 धारा 392, 411 भादवि थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
15. मु0अ0सं0 728/16 धारा 307 भादवि थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
16. मु0अ0सं0 729/16 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।

17. मु0अ0सं0 731/16 धारा 41, 411 भादवि थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
18. मु0अ0सं0 640/16 धारा 394, 411 भादवि थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
19. मु0अ0सं0 1436/16 धारा 302, 120बी भादवि थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
20. मु0अ0सं0 412/20 धारा 307 भादवि थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
21. मु0अ0सं0 413/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
22. मु0अ0सं0 131/25 धारा धारा 310(4), 310(5), 109, 317(2), 111, 3(5) बी0एन0एस0 व 3/5/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

**अभियुक्त अल्ताफ उर्फ धर्मेन्द्र – (HS नंबर – 95A)**

1. मु0अ0सं0 786/15 धारा 307 भादवि थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 789/15 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0 602/15 धारा 379 भादवि थाना भदोखर जनपद रायबरेली।
4. मु0अ0सं0 435/16 धारा 392 भादवि थाना कमरौली जनपद अमेठी।
5. मु0अ0सं0 727/16 धारा 392, 411 भादवि थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
6. मु0अ0सं0 728/16 धारा 307 भादवि थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
7. मु0अ0सं0 731/16 धारा 41, 411 भादवि थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
8. मु0अ0सं0 14/15 धारा 304, 323, 504 भादवि थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
9. मु0अ0सं0 1436/16 धारा 302, 120बी भादवि थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
10. मु0अ0सं0 1577/16 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
11. मु0अ0सं0 01/17 धारा 323, 324 भादवि थाना जीआरपी जनपद रायबरेली।
12. मु0अ0सं0 37/17 धारा 302, 120बी भादवि थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
13. मु0अ0सं0 247/16 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
14. मु0अ0सं0 136/19 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़।
15. मु0अ0सं0 412/20 धारा 307 भादवि थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
16. मु0अ0सं0 414/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
17. मु0अ0सं0 131/25 धारा धारा 310(4), 310(5), 109, 317(2), 111, 3(5) बी0एन0एस0 व 3/5/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

**अभियुक्त आशीष कुमार-**

1. मु0अ0सं0 43/24 धारा 380, 411 भादवि थाना इन्हौना जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 60/24 धारा 305, 317(2) बी0एन0एस0 थाना इन्हौना जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0 88/24 धारा 380, 411 भादवि थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
4. मु0अ0सं0 131/25 धारा धारा 310(4), 310(5), 109, 317(2), 111, 3(5) बी0एन0एस0 व 3/5/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

**अभियुक्त अनुज सिंह उर्फ शनि-**

1. मु0अ0सं0 43/24 धारा 380, 411 भादवि थाना इन्हौना जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 60/24 धारा 305, 317(2) बी0एन0एस0 थाना इन्हौना जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0 88/24 धारा 380, 411 भादवि थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
4. मु0अ0सं0 131/25 धारा धारा 310(4), 310(5), 109, 317(2), 111, 3(5) बी0एन0एस0 व 3/5/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।